# अंबेडकर जयंती पर विविध आयोजन

## प्रशासनिक कार्यालयों से लेकर सामाजिक संगठनों तक दिखी व्यापक भागीदारी

**कार्यक्रम**

- जनपद भर में कार्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम
- नगर क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर और छात्र कार्यक्रम
- सफाई अभियान भी चला, निगरानी बढ़ाई गई
- पुलिस विभाग में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम



### कलेक्ट्रेट में गोष्ठी, अधिकारियों ने किया माल्यार्पण

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित हुई। इस दौरान अधिकारियों ने अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में समानता, न्याय और शिक्षा के मूल्यों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने लोक सेवकों से जनसेवा में संवेदनशीलता और जिम्मेदारी निभाने की बात कही।



> जयंती के अवसर पर नगर निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने इसकी निगरानी की। संबंधित विभागों को साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । भीमराव अंबेडकर जयंती मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। पूरे जनपद में प्रशासनिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर आयोजन हुए। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुए। सभी शासकीय कार्यालयों में अंबेडकर के चित्र और प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि दी गई। जिला पंचायत सभागार में व्याख्यान आयोजित हुआ। इसमें उनके जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला गया। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के शहजादपुर क्षेत्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। मरीजों का परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल दिए गए। बीएन इंटर कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता हुई। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

### राजनीतिक दलों ने भी किया आयोजन

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में गोष्ठी आयोजित हुई। वक्ताओं ने अंबेडकर के संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय में योगदान को बताया। जलालपुर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित किया। नेताओं ने अंबेडकर के विचारों पर चर्चा की।

पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के मूल्यों पर कार्य करने की प्रेरणा दी गई।

# अंबेडकर जयंती पर मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद

## बिना अनुमति स्थापना को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन में टकराव

**तनाव**



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । महरुआ थाना क्षेत्र के नसीरपुर हरिजन बस्ती में भीमराव अंबेडकर जयंती के दिन मूर्ति स्थापना को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। बिना प्रशासनिक अनुमति के मूर्ति स्थापित करने के प्रयास के बाद ग्रामीणों और पुलिस-प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया।

घटना स्थल पर ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और मूर्ति स्थापना की मांग पर अड़े रहे। स्थिति तनावपूर्ण होते देख मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। महरुआ थाना अध्यक्ष महेंद्र सरोज ने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पुलिस बल, महिला उप निरीक्षक और अन्य पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। राजस्व विभाग की टीम भी स्थिति पर नजर बनाए रही। स्थिति नियंत्रण के लिए कई थानों की पुलिस और पीएसी को भी बुलाया गया। महिला पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बातचीत जारी है। अधिकारियों की ओर से समझाने का प्रयास किया गया कि पहले अनुमति लेकर ही मूर्ति स्थापना की प्रक्रिया पूरी की जाए।

**फास्ट न्यूज**

### राजेश पांडे लॉ कॉलेज में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम

अंबेडकरनगर । अकबरपुर स्थित राजेश पांडे लॉ कॉलेज में मंगलवार को भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में कॉलेज परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्रबंधक नलिनेश तिवारी ने किया। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। आयोजन में अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर चर्चा की गई।

### कटका थाना क्षेत्र में दो घरों में चोरी, लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

अंबेडकरनगर । कटका थाना क्षेत्र में सोमवार रात चोरी की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। चोरों ने लवाईया गांव के पलया पुरवा और पास के पुरायना पुरवा में दो घरों को निशाना बनाया। दोनों वारदातों में लाखों रुपये के जेवर और नकदी चोरी होने की बात सामने आई है।पहली घटना में विजेंद्र सिंह के घर में चोर देर रात घुसे। कमरे का ताला तोड़कर अलमारी और बक्से को भी खंगाला गया। चोर झुमके, चेन सहित अन्य कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जब घर का सामान बिखरा मिला और ताले टूटे पाए गए।

### आंबेडकर जयंती पर 'चैम्प्स 2026' परीक्षा आयोजित

अंबेडकरनगर । अकबरपुर स्थित सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज में भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 'चैम्प्स 2026' परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का संचालन टीएमटी संस्था ने किया, जिसका उद्देश्य छात्रों में शैक्षिक प्रतिस्पर्धा और जागरूकता बढ़ाना है।परीक्षा में कक्षा 4 से 11 तक के कुल 174 छात्रों ने भाग लिया।

# एनटीपीसी टांडा में अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 की शुरुआत

## सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा ने किया आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । अहिरौली थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़ी पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक की जान बचा ली। युवक ने व्यक्तिगत कारणों से भावनात्मक पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर साझा की थी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। टीम मौके पर पहुंची और युवक तथा उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया।

पुलिस ने युवक की काउंसलिंग की और उसे आत्मघाती कदम न उठाने के लिए समझाया। बातचीत के दौरान युवक को मानसिक सहयोग दिया गया और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया गया।पुलिस ने परिजनों को भी आवश्यक सलाह दी और आगे निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस की समझाइश के बाद युवक ने भविष्य में ऐसी कोई भी आपत्ति-जनक पोस्ट न करने और आत्महत्या जैसा कदम न उठाने का लिखित और मौखिक आश्वासन दिया।इसके बाद उसकी मानसिक स्थिति में सुधार देखा गया और स्थिति नियंत्रण में आ गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक इंद्रेश कुमार, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार, हेड कांस्टेबल दुर्गेश तिवारी और कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह शामिल रहे।थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई।

# सोशल मीडिया अलर्ट पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर । अहिरौली थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़ी पोस्ट सामने आने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक की जान बचा ली। युवक ने व्यक्तिगत कारणों से भावनात्मक पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर साझा की थी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। टीम मौके पर पहुंची और युवक तथा उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया।

पुलिस ने युवक की काउंसलिंग की और उसे आत्मघाती कदम न उठाने के लिए समझाया। बातचीत के दौरान युवक को मानसिक सहयोग दिया गया और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया गया।पुलिस ने परिजनों को भी आवश्यक सलाह दी और आगे निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस की समझाइश के बाद युवक ने भविष्य में ऐसी कोई भी आपत्ति-जनक पोस्ट न करने और आत्महत्या जैसा कदम न उठाने का लिखित और मौखिक आश्वासन दिया।इसके बाद उसकी मानसिक स्थिति में सुधार देखा गया और स्थिति नियंत्रण में आ गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक इंद्रेश कुमार, हेड कांस्टेबल कमलेश कुमार, हेड कांस्टेबल दुर्गेश तिवारी और कांस्टेबल कृष्ण कुमार सिंह शामिल रहे।थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की गई।

# अंबेडकर जयंती पर प्रशासन सतर्क, जिले में फ्लैग मार्च

तमसा संकेत, संवाददाता



- जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जलालपुर व आलापुर में किया पैदल भ्रमण

अंबेडकरनगर । भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय रहा। मंगलवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने तहसील जलालपुर और आलापुर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च कर हालात का जायजा लिया।

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। इस दौरान उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

पैदल भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने आम लोगों से बातचीत की। नागरिकों से अपील की गई कि जयंती को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से मनाएं। प्रशासन ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से बताया कि जयंती के अवसर पर पूरे जनपद में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

# गैस आपूर्ति शिकायत पर प्रतिक्रिया को लेकर उठा विवाद

# जिला पूर्ति अधिकारी का कथित ऑडियो वायरल

> इस वायरल ऑडियो के सम्बन्ध में जब जिलापूर्ति अधिकारी से 'तमसा संकेत' ने पुष्टि के लिए स्पष्टीकरण जानना चाहा तो उनका नम्बर फॉरवर्ड पर लगा हुआ था

**चर्चा**

- उपभोक्ताओं में नाराजगी, जिम्मेदारी पर सवाल
- प्रशासनिक प्रतिक्रिया का इंतजार



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय का एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में गैस एजेंसी की शिकायत करने पर अधिकारी की प्रतिक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दैनिक समाचार पत्र 'तमसा संकेत' इस वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

- फिलहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वायरल ऑडियो की सत्यता क्या है और इसमें कही गई बातें किस संदर्भ में हैं।

### शिकायत पर 'मुकदमा दर्ज करा दो' कहने का आरोप

वायरल ऑडियो के अनुसार, एक उपभोक्ता ने गैस एजेंसी द्वारा समय पर सिलेंडर न देने की शिकायत की। आरोप है कि इस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा कि जाकर मुकदमा दर्ज करा दो। साथ ही यह भी कहा गया कि इस मामले से उनका कोई संबंध नहीं है।उपभोक्ता का कहना है कि 4 तारीख से गैस बुकिंग के बावजूद आपूर्ति नहीं हुई। इस पर विभागीय स्तर पर समाधान न मिलने से असंतोष बढ़ा है।

मामले के सामने आने के बाद उपभोक्ताओं के बीच नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि विभागीय अधिकारी ही शिकायत नहीं सुनेंगे तो आम उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर कहां जाए।जिले में कोटेदारों, पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियों से जुड़ी शिकायतों को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में इस ऑडियो के वायरल होने से विभाग की कार्यशैली पर चर्चा तेज हो गई है।

# अंबेडकर जयंती पर विवेक मौर्य की पहल भंडारा और जनसेवा कार्यक्रम

## कलेक्ट्रेट परिसर और बसखारी रोड पर हुआ बड़ा आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता



### विवेक मौर्य पूरे दिन रहे सक्रिय, कई कार्यक्रमों में भागीदारी

अंबेडकरनगर । भीमराव अंबेडकर जयंती मंगलवार को बड़े स्तर पर मनाई गई। अकबरपुर कलेक्ट्रेट परिसर और बसखारी रोड पर भाजपा नेता विवेक मौर्य के नेतृत्व में भंडारा और जलपान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोग पहुंचे। बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। पूरे आयोजन में सामाजिक सहभागिता और अनुशासन देखा गया।

नारायण फाउंडेशन की ओर से जूट बैग और बाबा साहेब के प्रतीक चिन्ह का निःशुल्क वितरण किया गया। इसका उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्वच्छता और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश भी दिया गया। विवेक मौर्य ने कहा कि भीमराव अंबेडकर का जीवन समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया।उन्होंने कहा कि उनका संदेश "शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" आज भी प्रासंगिक है। इसी सोच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि समाज में समानता और समरसता मजबूत हो सके।उन्होंने लोगों से अपील की कि सामाजिक भेदभाव से दूर रहकर एक सशक्त और विकसित समाज के निर्माण में योगदान दें।

सूत्रों के अनुसार विवेक मौर्य ने अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र में दिनभर 100 से अधिक स्थानों पर आयोजित जयंती कार्यक्रमों में सहभागिता की। उन्होंने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर लोगों से संवाद किया और आयोजन में सहयोग दिया। स्थानीय लोगों ने भी उनके प्रयासों की सराहना की। आयोजन स्थलों पर भंडारे, जलपान और श्रद्धांजलि कार्यक्रम लगातार चलते रहे।

# जनगणना ड्यूटी की मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रदर्शन

## आलापुर तहसील में सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर । आलापुर तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को महिला आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जनगणना कार्य में ड्यूटी लगाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ रामनगर की ब्लॉक अध्यक्ष शशिकला मिश्रा और जहांगीरगंज विकास खंड की पदाधिकारियों की ओर से उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह धामी को दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि वे पहले से ही बीएलओ और एसआईआर जैसे कई प्रशासनिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। इसके अलावा मोबाइल के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया को भी सफल-तापूर्वक पूरा किया गया था। कार्यकत्रियों का कहना है कि जब अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में उनकी सेवाएं ली जाती हैं, तो जनगणना जैसे बड़े कार्य से उन्हें बाहर रखना उचित नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने यह भी कहा कि जनगणना कार्य में ड्यूटी मिलने पर आर्थिक लाभ की संभावना रहती है, लेकिन उन्हें इस कार्य से वंचित किया गया है। इससे उनमें नाराजगी बढ़ी है।कार्यकत्रियों ने चेतावनी दी कि यदि जनगणना कार्य में उन्हें शामिल नहीं किया गया तो वे जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होंगी। उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह धामी ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।इस मौके पर बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं, जिनमें बंदना पांडेय, किशोरी तिवारी, शीला सिंह, रेनू जायसवाल, उर्मिला भारती सहित अन्य शामिल रहीं।

**खुलासा :** डायल 112 पर मिली सूचना से मचा हड़कंप, मौके पर पहुंची पुलिस

# नगर पालिका चेयरमैन की गाड़ी पर फायरिंग की सूचना निकली फर्जी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । मंगलवार को अकबरपुर नगर पालिका चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा की गाड़ी पर फायरिंग की झूठी सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना डायल 112 पर कॉल के जरिए दी गई थी, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

नगर पालिका चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि वे पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनके साथ किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है।उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें।

पुलिस अब फर्जी कॉल करने वाले व्यक्ति की तलाश में जुट गई है। मामले की तकनीकी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई गलत सूचना न फैला सके।

> सूचना में दावा किया गया था कि 4 से 5 युवकों ने चेयरमैन की गाड़ी पर फायरिंग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डायल 112 और अकबरपुर थाना पुलिस तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंची।

### जांच में नहीं मिला कोई घटना का सबूत

मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस को किसी प्रकार की फायरिंग या घटना के प्रमाण नहीं मिले। न ही वहां कोई संदिग्ध व्यक्ति मौजूद था। जांच के दौरान कॉल करने वाले का मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन किसी ने ऐसी किसी घटना की पुष्टि नहीं की। इसके बाद यह स्पष्ट हुआ कि सूचना पूरी तरह फर्जी थी।

### अधिकारियों ने दी जानकारी

सीओ अकबरपुर नितीश कुमार तिवारी ने बताया कि डायल 112 पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच में यह पूरी तरह भ्रामक और असत्य पाई गई।उन्होंने कहा कि फर्जी सूचना देने वाले की पहचान की जा रही है और मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्मराज वर्मा का निधन

## राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

तमसा संकेत, संवाददाता



- सादा जीवन, समाज सेवा में समर्पित रहे
- राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

अंबेडकरनगर । जैतपुर क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धर्मराज वर्मा का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

धर्मराज वर्मा ने वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। आजादी के बाद उन्होंने अपना जीवन समाज सेवा और देश सेवा को समर्पित किया। वह अविवाहित रहे और अंतिम समय तक भतीजे के साथ रह रहे थे। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन के बाद प्रशासन की ओर से राजकीय सम्मान प्रदान किया गया। उनके आवास पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।घाघरा नदी के महादेवा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि भतीजे जियालाल वर्मा ने दी।मौके पर तहसीलदार निखिलेश कुमार, कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। पूर्व एमएलसी अजय कुमार वर्मा ने कहा कि उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

## 4 दिन बाद भी एक श्रद्धालु की तलाश, अब यमुना में 25 किमी तक तलाश

# वृंदावन हादसा : इंस्टाग्राम रील से बची महिला की जान

**खुलासा**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। वृंदावन में हुए नाव हादसे को लेकर मंगलवार को पांचवें दिन भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। पंजाब के श्रद्धालु पंकज मल्होत्रा (40) अब भी लापता है। पंकज हिमाचल प्रदेश में स्टील कंपनी में मैनेजर थे। सेना, NDRF-SDRF समेत करीब 150 से अधिक लोगों की टीम सर्च ऑपरेशन में जुटी है। यमुना में 25 किमी दायरे में तलाश कर रही है। इस बीच, हादसे में बाल-बाल बची लुधियाना की रजिंदर कौर ने बताया कि कैसे




उनकी जान बची। उन्होंने बताया कि नाव पलटने के बाद डूब रहीं रजिंदर ने इंस्टाग्राम रील में देखे टिप्स याद रखे और उसी के मुताबिक खुद को संभाला। पानी में गिरने के बाद मैंने मुंह नहीं खोला। सांस रोके रखी। दोनों हाथ सीधे किए और पैर चलाए। बाद में नाव वालों ने बाहर निकाला। वहीं, हादसे में जान गंवाने वाले यश भल्ला की मां से आखिरी बार की गई बातचीत सामने आई

### सवालों में घिरीं एसडीएम ऋतु सिरोही लंबी छुट्टी पर गईं

इस बीच, वृंदावन में नाव हादसे के बाद सोमवार को एसडीएम मांट ऋतु सिरोही लंबी छुट्टी पर चली गईं। उनकी जगह दीपिका मेहर को नया SDM बनाया गया है। हादसे के बाद प्रशासनिक लापरवाही को लेकर ऋतु सिरोही पर कई सवाल उठ रहे थे। हालांकि, जिलाधिकारी का कहना है कि ऋतु सिरोही निजी कारणों से छुट्टी पर गई हैं। इसका हादसे से कोई लेना-देना नहीं।

थी। मां ने बताया कि नाव में बैठते ही बेटे ने फोन कर कहा- अब मुझे कॉल मत करना। मैं ढोलक बजा रहा हूं, डिस्टर्ब हो जाऊंगा। मंगलवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले, सोमवार को सुबह 8 बजे यमुना नदी में 2 लाशें मिली थीं। हादसे वाली जगह से 12 किलोमीटर दूर बंगाली घाट से एक महिला और देवरा बाबा आश्रम के पास से एक युवक की लाश मिली थी। प्रशासन के मुताबिक, शव फूलकर नदी के ऊपर आ गए थे। पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। महिला की पहचान दुगरी, लुधियाना की रहने वाली मोनिका टंडन के रूप में हुई। वह अपनी सास सविता के साथ आई थी। 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। पति विदेश में हैं। मोनिका भी जल्द ही विदेश जाने वाली थी। हादसे के दिन मोनिका नाव में पड़ोसी महिला डिंकी के साथ बैठी थी। डिंकी लाश 12 अप्रैल को मिली थी।



> बता दें कि शुक्रवार दोपहर 3 बजे 38 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी। हादसा श्री बांके बिहारी मंदिर से 2 किमी दूर केसी घाट पर हुआ था। पुलिस ने आरोपी नाविक पप्पू निषाद और पांटून पुल के ठेकेदार नारायण शर्मा को जेल भेज दिया है। पप्पू ने अपनी नाव में श्रद्धालुओं को जुगल घाट से बैठाया था।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

**इलाज**

तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार गल्ला व्यवसायी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के निवासी दिनेश चंद्र (45) पुत्र राजाराम, जो गल्ला खरीदने और बेचने का कार्य करते हैं। मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे मोटरसाइकिल पर गल्ला लादकर सूरतगंज की ओर आ रहे थे।

बताया जाता है कि सूरतगंज–फतेहपुर मार्ग पर स्थित चदूरा मोड़ के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दिनेश चंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। स्थानीय राहगीरों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सक डॉ. शेख रिजवान ने घायल का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर होने के चलते बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस सम्बन्ध में सूरतगंज चौकी इंचार्ज उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाने और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### बाबा साहब के विचारों से बनेगा सशक्त समाज

गाजीपुर । गाजीपुर जनपद में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि उनके विचारों को जीवन में अपनाने से ही दी जा सकती है।

### निर्यातक पर 15 करोड़ जीएसटी चोरी की एफआईआर

मुरादाबाद। राज्य कर विभाग के उपायुक्त ने एक निर्यातक के खिलाफ 15 करोड़ रुपए की GST चोरी और धोखाधड़ी के आरोप में मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। निर्यातक पर राज्य कर के कुल 15 करोड़ रुपए चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी है। राज्य कर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि धीमरी निवासी निर्यातक मुजीब पाशा की संभल रोड पर एलएस एक्सपोर्ट्स इंपैक्स के नाम से निर्यात फर्म है। मुजीब पाशा ने 2017 में इस फर्म का पंजीकरण कराया था।

### मुरादाबाद में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस पर रैली

बिलारी । मुरादाबाद के बिलारी तहसील में 'राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस' उत्साह और जिम्मेदारी के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें नागरिकों को आग से बचाव के उपायों और आपातकालीन स्थिति में सही कदम उठाने के बारे में शिक्षित किया गया।

## गोकुल में धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती



तमसा संकेत, संवाददाता

गोकुल (मथुरा)। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर समाज समिति रजिस्टर्ड, गोकुल मथुरा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है।

समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान दीपक सिंह (अध्यक्ष), नवीन सिंह (सचिव), मुकेश कुमार (कोषाध्यक्ष), रिंकू सागर (उप सचिव), देशराज (सदस्य), राहुल सिंह (सदस्य), अनिल कुमार, रवि सिंह (उपाध्यक्ष), अमर कुमार (सदस्य), सुशील कुमार, अभिनेष कुमार, रोहित कुमार, दिनेश कुमार, सुखदेव, शिवम् कात्यान सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंत में सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने और समाज में शिक्षा, समानता व भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## इसमें न केवल कस्बे बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए

# भव्य शोभा यात्रा के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती



तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं महान सम्राट की जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को सूरतगंज कस्बे में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रहकर सामाजिक समरसता, जागरूकता और जनभागीदारी का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया। इस वर्ष की शोभा यात्रा की विशेषता यह रही कि इसमें न केवल कस्बे बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही गांव-गांव से जत्थों का सूरतगंज की ओर आना शुरू हो गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी उत्साह के साथ इस आयोजन में शामिल हुए और एकता का संदेश दिया। शोभा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए निकली, जहां जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था की। सूरतगंज स्थित अम्बेडकर पार्क में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समानता, न्याय और भाईचारे पर आधारित समाज का निर्माण संभव है। वक्ताओं ने सम्राट अशोक के जीवन से प्रेरणा लेते हुए हिंसा त्यागकर शांति और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

> कार्यक्रम के समापन पर आयोजित ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संजय सिंह को साइकिल, द्वितीय स्थान पर अनुज कुमार को 2100 रुपये तथा तृतीय स्थान पर रामशहरे को 1100 रुपये की नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

### ढोल-नगाड़ों के साथ वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया

यात्रा में शामिल युवाओं ने डीजे और पारंपरिक ढोल-नगाड़ों के साथ वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाए रखा। वहीं महिलाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक आकर्षक व जीवंत बना दिया। यात्रा के दौरान प्रस्तुत झांकियों ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इन झांकियों में बाबा साहब अम्बेडकर के संविधान निर्माण, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्ष को दर्शाया गया। साथ ही सम्राट अशोक के जीवन, उनके धम्म, अहिंसा और शांति के संदेशों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे लोगों को प्रेरणा मिली।

## टक्कर के बाद ई-रिक्शा सवार 5 लोग जमीन पर गिरकर खून से लथपथ होकर तड़पने लगे


# पिकअप और ई-रिक्शा में टक्कर से 2 बुजुर्गों की मौत

■ हादसा सहजनवा के गीडा में खरैला रोड पर सोमवार शाम करीब 5 बजे हुआ।

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर में पिकअप ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 3 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।



■ हादस में घायल 5 लोगों को अस्पताल भेजा गया। जहां 2 लोगों की मौत हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। फरार पिकअप चालक की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। घायलों का उपचार जारी है, जहां उनकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं।



### हादसे में कुल पांच लोग घायल, तीन का इलाज जारी

हादसे में मृतकों की पहचान बेचन प्रजापति (75) और शिवकीरत सिंह (65) के रूप में हुई है। शिवकीरत सिंह मेडिकल कॉलेज से जुड़े थे। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। हादसे में घायल तीन लोगों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।

### मंत्री अनिल राजभर बोले- श्रमिक विरोध के पीछे देशविरोधी लोग

वाराणसी। दिल्ली-एनसीआर व नोएडा में श्रमिकों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने विपक्ष के ऊपर सवाल उठाए हैं। राजभर ने कहा- यह समाजवादी पार्टी और विपक्ष की सोची समझी साजिश का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 9 सालों से बीजेपी की सरकार है, लेकिन आज तक श्रमिकों ने प्रदर्शन नहीं किया, अब चुनाव नजदीक आ रहा है तो प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इसका पाकिस्तानी कनेक्शन भी होने की आशंका जताई है।

मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि यह घटना एक बड़े साजिश का हिस्सा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली प्रस्तावित है, उसे खराब करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही यूपी के औद्योगिक विकास को बाधित करने के उद्देश्य से और सरकार की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने डीग गेट क्षेत्र में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक थे। उन्होंने भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान करते हुए संविधान का निर्माण किया, जो आज देश की एकता और अखंडता का आधार है।

जिलाधिकारी ने बाबा साहब को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया और कहा कि उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**जांच :** होटल संचालक को वसूली के लिए धमकाया, जिलाध्यक्ष बोले- हमारी पार्टी का नहीं

# आगरा में बीजेपी नेता का डांसर के साथ वीडियो आया सामने

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में खुद को भाजपा नेता बताने वाले महिपाल चौधरी का अब होटल में डांसर के साथ वीडियो सामने आया है। इसमें महिपाल कुर्सी पर बैठा दिख रहा। कमरे में दो लड़कियां डांस कर रही हैं। हालांकि, ये वीडियो कब का है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

महिपाल चौधरी खुद को भाजपा का मीडिया प्रभारी बताता है। शहर में कई जगह लगे पोस्टर में भी उसने खुद को भाजपा नेता बताया है। हालांकि, आगरा भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने दावा किया कि महिपाल चौधरी हमारी पार्टी का नहीं है।

दरअसल, 6 अप्रैल को जगदीश-



पुरा इलाके में महिपाल होटल 'स्मार्ट व्यू इन' में दो महिलाओं के साथ पहुंचा। होटल संचालक अनिल कुमार से पुलिस को मिली जानकारी के मुताबिक, महिपाल ने खुद को अफसर बताते हुए स्टाफ को डराया-धमकाया। फिर 2 लाख रुपए की रंगदारी मांगी।



### स्कार्पियो से होटल पहुंचा, स्टाफ को धमकाने लगा

होटल 'स्मार्ट व्यू इन' के संचालक अनिल कुमार ने पुलिस को बताया कि महिपाल चौधरी नाम का व्यक्ति काली स्कॉर्पियो से आया। उसके साथ दो महिलाएं और अन्य साथी भी थे। होटल में एंट्री करते समय उसने खुद को अफसर बताते हुए स्टाफ को डराना-धमकाना शुरू कर दिया। होटल के रजिस्टर और आईडी चेक करने के नाम पर कमरों की तलाशी ली।

> अनिल की शिकायत पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही महिपाल चौधरी मौके से भाग निकला। पुलिस ने महिपाल चौधरी पर 10 अप्रैल को रंगदारी मांगने की एफआईआर दर्ज की। हालांकि, 9 अप्रैल को ही हाथरस पुलिस ने महिपाल चौधरी को एक दूसरे मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### महिपाल के सामने नाचती दिखीं डांसर

महिपाल चौधरी का सोमवार को जो वीडियो वायरल हुआ है, वह एक होटल के कमरे का है। वह खुद कुर्सी पर बैठा है, जबकि दो लड़कियां उसके सामने डांस कर रही हैं। बेड पर शराब की बोतल और गिलास रखे हैं। पुलिस के मुताबिक, पार्टी में शामिल किसी व्यक्ति या होटल के वेटर ने ये वीडियो बनाया। फिर इसे महिपाल की गिरफ्तारी के बाद इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

# पत्थर पूजने से अच्छा मोदी योगी को पूजो : बीजेपी विधायक श्याम प्रकाश

## उनमें कुछ देने की क्षमता है, बड़े-बड़े नेता आपको बेवकूफ बना रहे

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई । 'पत्थरों को पूजने से कुछ नहीं मिलेगा। अगर पूजा करनी ही है, तो योगी और मोदी की कीजिए। जिनसे आपको कुछ मिलेगा। दलित नेता आपका कल्याण नहीं कर सकता। ये बड़े-बड़े नेता आपको बेवकूफ बनाकर अपनी कुर्सी हथियाने का काम करेंगे।'यह बात हरदोई में भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने अंबेडकर जयंती पर हुए एक कार्यक्रम में कही। 2022 में श्याम प्रकाश गोपामऊ विधानसभा सीट से जीते थे। मैं सभी घाटों का पानी पीकर भाजपा में रुका हूं, क्योंकि मैंने यहां अपने समाज का महत्व और कल्याण देखा है। जब हमको अपनी स्थापना ही करनी है, तो क्यों न हम आज के भगवानों के साथ हो लें।



विधायक ने योगी और मोदी की तारीफ करते हुए कहा- मैं तो जिंदा लोगों को भगवान मानता हूं। भगवान मानना ही है, तो योगीजी और मोदीजी को भगवान मानने में कोई हर्ज नहीं है। उनमें कुछ देने की क्षमता है। वो हम सबको कुछ दे सकते हैं। पत्थरों के आगे गिड़गिड़ाकर आओगे, तो वो आपको कुछ देने वाले नहीं हैं। हालांकि, जब विधायक श्याम प्रकाश से इस बयान के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह मेरी पर्सनल सोच है। मैं उन पत्थरों की बात कर रहा हूं, जो बहुत से घरों में कुल देवता के रूप में अनावश्यक रूप से जगह बनाए हुए हैं।

### बड़े-बड़े नेता आपको बेवकूफ बनाकर कुर्सी हथियाने का काम करेंगे

विधायक ने कहा- मैंने हर घाट का पानी पीया है। सभी पार्टियों में रह चुका हूं। अब भाजपा में हूं। दलितों की बात करने वाले नेता सिर्फ अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। कोई दलित नेता आपका कल्याण नहीं कर सकता। ये बड़े-बड़े नेता आपको बेवकूफ बनाकर अपनी कुर्सी हथियाने का काम करेंगे। आपको खुद अपने आप को स्थापित करना होगा।

